## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 25.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राज्य की चार सीटों के लिए दिन के 11 बजे तक 27 दशमलव आठ शून्य प्रतिशत मतदाता कर चुके वोट, गिरिडीह में 29, धनबाद में लगभग 26 और रांची तथा जमशेदपुर सीट के लिए 28 प्रतिशत हो चुकी है वोटिंग।

2- राज्य में आज हो रहे चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं मतदाता, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची और ओड़िशा के गवर्नर रघुवर दास ने जमशेदपुर में किया मतदान, कई सांसद, विधायक और प्रत्याशी डाल चुके हैं वोट।

3- चुनाव आयोग ने प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और सेल बोकारो को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर दी चेतावनी, कहा, कोड ऑफ कंडक्ट का करें पालन।

4- झारेरा ने जुर्माना नहीं देने वाले राज्य के अठारह बिल्डरों के बैंक खाते को फ्रीज करने का दिया आदेश।

5- रांची हॉकी लीग में आज दोपहर दो बजे से एनटीएचए जमशेदपुर और हॉकी गुमला के बीच होगा मैच, दूसरे मुकाबले में झारखंड इलेवन और जादुर अखरा होगी आमने–सामने।

************************

छठे चरण में राज्य के गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर समेत देशभर के आठ राज्यों के 58 सीटों के लिए मतदान जारी है। इन चारों सीटों के लिए दिन के ग्यारह बजे तक 27 दशमलव आठ शून्य प्रतिशत मतदान हुआ है। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने बताया कि गिरिडीह में 29 प्रतिशत, जमशेदपुर में 28 दशमलव चार पांच प्रतिशत, धनबाद में 26 दशमलव शून्य छह प्रतिशत और रांची में 28 दशमलव शून्य छह प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं।

************************

राज्य के चार लोकसभा सीटों के लिए आज हो रहे चुनाव में आम से लेकर खास मतदाता बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज सवेरे से ही मतदाताओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदान शुरु हुए छह घंटे तक वक्त हो चुका है, लेकिन बूथों पर शाम पांच बजे तक जितने मतदाता कतार में होंगे, वे मत दे सकेंगे। इधर, अबतक कई खास मतदाता अपने मताधिकारी का इस्तेममाल कर चुके हैं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची के एटीआई मतदान केंद्र और ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपर के एक बूथ पर वोट कर मतदाताओं से मतमदान करने की अपील की। इसके अलावा और विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर, विधायक राज सिन्हा ने धनबाद, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने रांची, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और विधायक बिरन्ची नारायण ने बोकारो, रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने राजधानी रांची के ओटीसी ग्राउण्ड और कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने रांची स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान किया। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने रांची के जैप ग्राउंड परिसर स्थित मतदान केन्द्र में मतदान किया।

************************

राज्य के चारों सीटों के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। अभी तक किसी भी इलाके से चुनाव को लेकर कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। गिरिडीह के उपायुक्त– सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी बूथों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था है। इसी वजह से उग्रवाद प्रभावित इलाकों के मतदान केंद्रों में सवेरे से ही मतदान करने के लिए मतदाताओं की भीड़ उमड़ रही है। उधर, जमशेदपुर सीट के लिए हो रहे चुनाव को लेकर भी सवेरे छह बजे से ही मतदाताओं के बूथों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है, जो लगातार जारी है।

************************

राज्य में छठे चरण में लोक सभा की चार सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 1 सौ 86 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित की जा रहे हैं। इसमें गिरीडीह में 14, धनबाद में 38, रांची में 1 सौ 4 और जमशेदपुर में 30 मतदान केंद्र में वोटिंग करने की सारी जिम्मेदारी महिला मतदान कर्मियों के द्वारा निभाई जा रही है। इसके अलावा 12

मतदान केंद्रों का संचालन दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है, जबकि 22 मतदान केंद्रों पर युवा मतदान कर्मियों पर मतदान करने की जिम्मेदारी है। इस चरण में 15 मतदान केंद्र को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।

**********************

राज्य में चार सीटों के लिए हो रहे मतदान के लगभग छह घंटे का वक्त हो चुका है। लेकिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कतार लगातार देखने को मिल रही है। ऐसे में सवेरे सात बजे से अब तक मतदान को लेकर वोटर्स में किस तरह का रूझान है। इसके लिए आईए हम आपको सीधे लिए चलते हैं हमारे संवादादाता के पास और जानते कि कैसी चल रही है मतदान की प्रक्रिया??

मनोज जी, आपके आसपास फर्स्ट टाइम वोटर्स की कैसी प्रतिक्रिया है?? क्या मतदान के प्रतिशत में अब तक मौसम का कोई असर दिख रहा है??

2. आपके क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर आम और खास मतदाताओं के साथ दिव्यांग और बुजूर्ग मतदाताओं के लिए क्या विशेष सुविधाएं हैं ?

**********************

खूंटी के उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चार जून को होने वाले मतगणना को लेकर सभी प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बिरसा कॉलेज परिसर में खूंटी सीट के लिए मतगणना होगी। यहां पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए तीस टेबल लगाए जाएंगे, जबकि ईवीएम के मतों की गिनती के लिए विधानसभा क्षेत्रवार बीस–बीस टेबल होंगे। उन्होंने प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट का पूरा ब्यौरा अठाइस मई तक देने का कहा, ताकि समय पर उनका आईकार्ड निर्गत किया जा सके।

**********************

रांची के उपायुक्त– सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर तैंतीस अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई, जबकि पचास से ज्यादा अपराधियों को थाने में हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया। उपायुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर इन अपराधियों के खिलाफ यह कार्रवाई की।

**********************

गोड्डा जिले के महिला महाविद्यालय में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर में पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया उनतीस मई तक चलेगी। कल गोड्डा लोकसभा सीट के लिए दो हजार पांच सौ अन्ठान्बे और राजमहल संसदीय सीट के लिए पांच सौ ग्यारह मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

**********************

निर्वाचन आयोग ने अलग अलग मामलों में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और सेल बोकारो प्रबंधन को चेतावनी दी है। आयोग ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रदेश भाजपा से कहा कि अगर वे मतदाताओं को स्लीप दे रहे हैं तो उसमें पार्टी का कोई पहचान और जिक्र नहीं होना चाहिए। वहीं,कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ऐसा कोई भी पोस्ट नहीं करने की हिदायत दी गई है, जिससे समाज में भेदभाव की भावना पनपे। उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट के सभी कर्मियों को मतदान के दिन मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश देने का निर्देश सेल प्रबंधन को दिया है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

झारखंड रियल ई स्टेट अथॉरिटी, झारेरा ने जुर्माना की राशि जमा नहीं करने वाले अठारह बिल्डरों के बैंक खाता को फ्रीज करने का आदेश दिया है। इससे पहले अदालत ने राज्यभर के दो सौ बीस बिल्डरों को अपने अपार्टमेंट और बहुमंजिली भवन निर्माण के प्रगति कार्य की त्रैमासिक रिपोर्ट जमा नहीं करने पर जुर्माना लगाया था, जिसमें दो सौ दो बिल्डरों द्वारा जुर्माना की राशि जमा की जा चुकी है।

**********************

राज्य के सभी पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों के पारण परेड समारोह में एकरुपता लाने का आदेश पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने जारी किया है। इसके तहत पारण परेश में विशिष्ट अतिथि के आगमन पर फन फेयर बिगुल बजाई जाएगी, जबकि राष्ट्रपति और राज्यपाल के आगमन पर नेशनल सैल्यूट देने के साथ बैंड टीम द्वारा राष्ट्र गान की धुन बजाई जाएगी।

**********************

रिम्स, रांची के निदेशक डॉ राजकुमार की अध्यक्षता में शैक्षणिक परिषद की बैठक में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, शुल्क और शैक्षणिक पदों के विषय पर चर्चा हुई। उन्होंने यहां चल रहे रंग रोगन के कार्य पर फिलहाल रोक लगाने का निर्देश दिया। वहीं विभिन्न विभागों का निरीक्षण करने के दौरान साफ– सफाई को लेकर कई निर्देश दिए।

**********************

लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित पकरी गांव में बीती रात एक दुकान में चोरी करने के दौरान एक नाबालिग की झुलसकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य नाबालिग गंभीर रुप से झुलस गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब मोमबत्ती जलाकर वे सामानों की चोरी करने का प्रयास कर रहे थे तभी एक पेट्रोल डिब्बे के संपर्क में मोमबत्ती के आने से आग लग गई।

**********************

हटिया –झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन इस महीने की सत्ताईस से उनतीस तारीख और अगले महीने दो से पांच तारीख तथा नौ जून को नहीं होगा। रांची रेल मंडल के कुरकुरा– ओरगा रेल खंड पर पावर ब्लॉक की वजह से ट्रेन का परिचालन आठ दिनों तक रद्द रहेगा। इधर, हावड़ा–रांची वंदे भारत एक्सप्रेस के समय सारिणी में बदलाव किया गया है। यह ट्रेन दोपहर दो बजकर पैंतीस मिनट पर हावड़ा से खुलेगी और रात दस बजे रांची पहुंचेगी। नई टाइमिंग दस जून से प्रभावी होगी।

**********************

रामगढ़ जिले के अलग अलग हिस्सों में हर्षोल्लास के साथ मंडा पर्व मनाया जा रहा है।

**********************

राजधानी रांची में चल रहे रांची  हॉकी लीग में पुरुष वर्ग में दो मुकाबले होंगे। दोपहर दो बजे से जहां एनटीएचए जमशेदपुर और हॉकी गुमला के बीच मैच खेला जाएगा। वहीं, दूसरे मैच में झारखंड इलेवन और जादुर अखरा की टीम आमने सामने होगी। यह मैच शाम चार बजे शुरु होगा. वहीं, महिला वर्ग में कल सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू, रांची ने साई रांची को हराया, जबकि सीनी खूंटी तथा न्यू राइडिंग  स्टार हुलहुंडु के बीच मैच ड्रॉ रहा।

**********************

भारत ने दक्षिण कोरिया के एचिओन में तीरंदाजी विश्वकप स्टेज दो में महिलाओं की कम्पाउंड टीम स्पर्धा में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। ज्योति सुरेखा वेन्नाम, परणीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय महिला कम्पाउंड टीम ने फाइनल में तुर्किए को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं ज्योति और प्रियांश की कंपाउन्डम मिक्‍्डी  टीम फाइनल में अमरीका की आलिविया डीन और सायर सुलियन की जोडी से हार गई और उसे रजत पदक से संतोष करना पडा।

**********************

झारखंड में आज चार लोकसभा सीट के लिए हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

**********************

- रांची के हेहल अंचल के पूर्व अंचलाधिकारी अनिल कुमार सिंह के खिलाफ  विभागीय कार्रवाई चलेगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने उनके खिलाफ आदिवासियों की भूमि गैर आदिवासियों के नाम हस्तांतरित करने के मामले में आरोप पत्र पर सहमति दे दी है।
- राजधानी रांची की अरगोड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों के पास से चोरी के सात बाइक और एक स्कूटी भी पुलिस ने बरामद किया है।
- पाकुड़  सदर  अस्पताल  में  आज एक  विचाराधीन कैदी की इलाज के क्रम में मौत हो गई। वह हत्या के एक मामले में जेल में बंद था।
- छब्बीस मई से आयोजित होने वाली 23 वीं जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम की घोषणा कर दी गई है। यह चैंपियनशिप तमिलनाडु के कोयम्बूटर में इकतीस मई तक चलेगी।

*********समाप्त**************